





नवभारत 04
इंदौर, मंगलवार, 4 नवंबर 2025

## एक नजर में

### जमधड़ तट पर होगा दीपदान महोत्सव



**शुजालपुर, 3 नवंबर.** नगर की जीवनदायिनी एवं पुण्यसलिला मां जमधड़ के पावन तट पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दीपदान महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा. नव जन जागरण मंच शुजालपुर के तत्वावधान में यह भव्य आयोजन 5 नवम्बर बुधवार को संध्या 6 बजे से माँ जमधड़ तट, काठिया महाराज तपोस्थली नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर के सामने आयोजित होगा. कार्यक्रम में माँ जमधड़ मैया की महाआरती, विशाल चुनरी ओढ़ाना एवं भव्य आतिशबाजी विशेष आकर्षण रहेंगे. मंच ने नगर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं मातृशक्ति से अपील की है कि वे अपने साथ पाँच दीप लेकर आएँ और माँ जमधड़ मैया के पवित्र तट पर दीपदान कर धर्मलाभ प्राप्त करें. कार्तिक पूर्णिमा की यह रात्रि माँ जमधड़ तट पर श्रद्धा, भक्ति और आलोक के अनूठे संगम की साक्षी बनेगी.

### 15 दिन में ई-केवायसी कराने के निर्देश



**शाजापुर, 3 नवंबर.** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अनुपमा चौहान शाजापुर की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की महात्मा गांधी नरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, पंचायत प्रकोष्ठ, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नलजल योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर प्रगति के लिए निर्देशित किया गया. जिला पंचायत सीईओ चौहान ने मनरेगा की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि विगत वर्षों के अपूर्ण कार्यों को कार्ययोजना बनाकर माह मार्च 2026 तक पूर्ण करवायें एवं एक बगिया मां के नाम मे लक्ष्य अनुरूप प्रगति के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक यंत्री, एपीओ, उपयंत्रियों को प्रगति के लिए निर्देशित किया गया. साथ ही मनरेगा जॉबकार्ड धारियों की ईकेवाईसी 15 दिवस में करवाने के निर्देश दिए गए हैं. इस अवसर पर बैठक में संजय कुमार मेहर कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा शाजापुर, केएस दामोर कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शाजापुर, डीएस राणा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कालापीपल/शुजालपुर, अमृतराज सिसोदिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोमन बड़ोदिया, नरेंद्र मेवाड़ा बीडीओ जनपद पंचायत शुजालपुर एवं महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, पंचायत प्रकोष्ठ, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला एवं जनपद पंचायत स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**शाजापुर, 3 नवंबर.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने सुमनबाई पति स्व. प्रेमनारायण निवासी ग्राम बमुलिया मैना तहसील कालापीपल की 23 जून 2025 को मेढ़ पर घास काटते हुए कृषि कार्य के दौरान विद्युत तार के सपर्क में आने से विद्युत करंट लगने से मृत्यु होने पर उसके निकटतम वारिसान पुत्र दिनेश के लिए मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना .2008 में वर्णित प्रावधानों के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है.

### नवीन प्रावधानों को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**शाजापुर, 3 नवंबर.** किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नवीन प्रावधानों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अध्यादेश प्रावधानों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई. इसके साथ स्वयं पोर्टल एवं अकादमिक बैंक ऑफक्रेडिट के संबंध में प्रशिक्षित नोडल अधिकारी द्वारा सभी को प्रशिक्षित किया गया. इस दौरान सहायक प्राध्यापक सुश्री सोनू कनेश, डॉ. संदीप कुमार सिंह, डॉ. रितेश महाड़िक, डॉ. कपिल जाटव सहित छात्राएं मौजूद थी.

### वर्ल्ड कप जीत का जश्न मनाया



**शुजालपुर, 3 नवंबर.** वन डे वर्ल्ड कप में 47 साल बाद पहली बार भारत की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कप अपने नाम किया. इस प्रदर्शन व जीत पर क्षेत्र में भी जश्‍न मनाया गया. नेकी की दीवार पर महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप की ऐतिहासिक विजय का जश्न मनाते हुए महिलाओं ने जमकर आतिशबाजी की, एक दूसरे को मिठाई खिलाई और निशुल्क कोचिंग के बच्चों का भी मुंह मीठा कराया. नारी शक्ति जिंदाबाद के नारे लगाते हुए सभी का जोश देखने लायक रहा. कार्यक्रम में बी के ललिता, डॉ. नेहा सिंह, ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, तेजकिरण जैन, परमजीत कौर खालसा, दिव्या वाज़ार, केसर ओझा, नीतू सोनी, देवेशी आदि हर्ष जताते हुए बधाई दी.

# अभी तक 704 कृष्णमृग और 67 नीलगाय को पकड़ा

## रानी बड़ौद से आज 40 कृष्णमृगों को पकड़कर राष्ट्रीय उद्यान के जंगलों में छोड़ा

**शाजापुर, 3 नवंबर. शाजापुर जिले में किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कृष्ण मृग और रोजड़ों को पकड़ने के लिए सरकार द्वारा अभियान चलाया जा रहा है. जिसमें दक्षिण अफ्रीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशंस की टीम एवं वन विभाग की टीम द्वारा हेलीकॉप्टर और बोमा पद्धति से कृष्णमृगों को पकड़ने का कार्य किया जा रहा है. अभी तक 704 कृष्णमृग और 67 नीलगाय को पकड़ा जा चुका है.**



आज शाजापुर जिले की शाजापुर तहसील के रानी बड़ौद गांव में बोमा लगाया गया. आज भ्याना जादवपुर, भोगीपुर, बनाहेड़ी, भादाहेड़ी, मगरानिया, खेड़ा, उगहा, पेवची, फुलेन, नांदासुरा, मोहम्मदखेड़ा, बावनहेड़ा, खाटसुर, मुंगोद, नीमखेड़ी, देवगूलरजोड़, बटवाड़ी, हड़लायकलां, निवालिया गांवों से 40 कृष्णमृग को किसानों के खेतों से पकड़कर अन्यत्र संरक्षित क्षेत्रों / राष्ट्रीय उद्यान के जंगलो में छोड़ा जा रहा है. अभी तक 704 कृष्णमृग एवं 67 नीलगाय को पकड़कर अन्यत्र संरक्षित क्षेत्रों / राष्ट्रीय उद्यान के जंगलों में छोड़ा जा चुका है. इससे किसानों को होने वाले फसल नुकसान में कमी आएगी और कृषकों की समस्याओं का निदान होगा.

### कृष्णमृग और नीलगाय के पीछे नहीं भागें

इसके साथ ही आस-पास के ग्रामवासियों से अपील है कि आने वाले दिनों की कार्यवाही के दौरान खेतों में जब हेलीकॉप्टर द्वारा हांका लगाया जा रहा हो, तो कृष्णमृग और नीलगाय के पीछे ना भागें. साथ ही साथ ग्रामवासियों से अपील है कि जब अभियान चल रहा होगा, तो आस पास के रास्तों में गाड़ियों में ना घूमे. यह अभियान नवंबर माह के प्रथम सप्ताह तक चलाया जाएगा.



### देश का पहला अभियान...

इस तरह का देश में ये प्रथम अभियान है. आज इस अभियान में मुख्य वन संरक्षक उज्जैन एमआर बघेल के द्वारा बोमा क्षेत्र में उपस्थित रहकर कृष्णमृग को पकड़ने की कार्यवाही का निगरानी एवं अवलोकन किया गया. इस अभियान के तहत मध्य प्रदेश वन विभाग के द्वारा मैदानी अमले का एक समर्पित दल बनाया गया है. यह दल दक्षिण अफ्रीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशंस के दल के साथ प्रशिक्षित हो रहा है.

### अगली जगह का निर्धारण किया...

आज दोपहर बाद कंजर्वेशन सॉल्यूशंस और वन विभाग मध्य प्रदेश की टीम द्वारा जिले के अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण करके बोमा लगाने की अगली जगह का निर्धारण किया गया. आज की कार्यवाही में शाजापुर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने पूर्ण सहयोग दिया. शाजापुर जिले के ग्रामवासियों द्वारा भी इस अभियान में भरपूर सहयोग किया जा रहा है.

# सोशल मीडिया चलाना अपराध नहीं, जागरूकता है जरूरी

## स्कूली छात्राओं को मोहन बड़ोदिया पुलिस ने किया जागरूक

**मोहन बड़ोदिया, 3 नवंबर. शाजापुर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में बालिकाओं को महिला संबंधित अपराधों और गुड टच, बेड टच को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है.**



इसी तारतम्य में सोमवार दोपहर 12 बजे के करीब मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास के मार्गदर्शन में मोहन बड़ोदिया थाने से पुलिसकर्मी और महिला आरक्षक राधिका राजपूत द्वारा मोहन बड़ोदिया के संस्कार पब्लिक एकेडमी में स्कूली छात्राओं जो करीब 110 के करीब उपस्थित रही को गुडटच, बेड टच के साथ महिला संबंधित अपराधों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से कानूनी जानकारी दी गई. महिला आरक्षक ने छात्राओं से कहा कि सोशल मीडिया चलाना अपराध नहीं है, जागरूकता जरूरी है, सोशल मीडिया के बहकावे में आकर युवा पीढ़ी गलत कदम उठा रही जो घातक है, किसी प्रकार की समस्या आने पर 1090 पर काल करे या नजदीकी थाने में आकर शिकायत दर्ज कराएं. महिला संबंधित अपराध में नाम हमेशा गोपनीय रखा जाता है, बच्चे की पहली गुरु मां होती है. इसलिए हमेशा अपनी मां के साथ बात साझा करें, इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य मुकेश वर्मा, उपप्राचार्या मेघना जोशी सहित स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा.

# प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**शाजापुर, 3 नवंबर. आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत जन सामान्य के कल्याण एवं लोक शांति को कायम रखने के लिए शाजापुर जिले के अंतर्गत आने वाली सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है.**

जिसके अनुसार वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में सभी प्रकार के सार्वजनिक स्थानों, चौराहों, चौपाल नगर के तिराहे इत्यादि में किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन, जुलूस आदि को प्रतिबंधित किया गया है. उक्त आदेश जन सामान्य के जानमाल की सुरक्षा तथा भविष्य में लोक शांति भंग होने की संभावनाओं को नियंत्रण की दृष्टि से जारी किया गया है एवं परिस्थितिवश इतना समय उपलब्ध नहीं है कि संबंधित जन सामान्य व्यक्ति या समूह को इस संबंध में सूचना दी जाकर सूचना की जा सके. यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा के अन्तर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है. यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत अभियोजन के लिए उत्तरदायी होगा. उक्त आदेश 3 नवंबर से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा.

# किराएदार ने की मकान मालिक के यहां चोरी

**शुजालपुर, 3 नवंबर. मंडी थाना क्षेत्र अन्तर्गत कृष्णानगर कॉलोनी में मकान मालिक के घर का ताला तोड़कर किराएदार ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया. पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करते हुए आरोपी के पास से चुराई गई सामग्री बरामद की.**



फरियादी विरेन्द्र कुमार निरंकारी पिता अमरसिंह निवासी कृष्णानगर कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि वह किराना दुकान चलाता है और 2 नवम्बर की शाम को 6 बजे घर के कमरे का ताला लगाकर सब्जी खरीदने बाजार गया था, जब वापस लोटा तो कमरे का ताला टूटा हुआ था. साथ ही कमरे में रखी 5एचपी की ऑटा चक्की मोटर जिसकी किमत लगभग 10 हजार थी वह गायब थी. फरियादी ने आसपास तलाशा तो पता चला कि किराएदार प्रदीप प्रजापति ने ताले को तोडा था. फरियादी ने इसकी शिकायत पुलिस को की. जिसके बाद पुलिस ने आरोपी प्रदीप प्रजापति पिता रमेशचन्द्र को पकड़कर चुराई गई मोटर बरामद की. पुलिस के अनुसार आरोपी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां उसे जेल भेजने के आदेश मिले.

# शुजालपुर में सिख समाज का नगर कीर्तन आज



**शुजालपुर, 3 नवंबर.** सिख समाज द्वारा अपने आराध्य देव व प्रथम गुरू गुरूनानक देव साहब का जन्म दिवस उत्साह से मनाया जाएगा. इस पर्व के चलते नगर में पिछले कुछ दिनों से सिख समाज द्वारा कीर्तनों की प्रस्तुति के साथ सुबह प्रभात फेरी निकाली जा रही थी, जिसका समापन सोमवार को हुआ और अंतिम दिन समाज के रिक्की रजपाल व शेंकी रजपाल परिवार ने प्रभात फेरी की अगवानी करते हुए स्वागत किया. पंजाबी मोहल्ला स्थित गुरूद्वारा में अखंड पाठ साहिब की शुरूआत हो गई, जिसका विश्राम 5 नवम्बर को होगा तथा इसी दिन शाम को गुरू के अटूट लंगर का आयोजन किया जाएगा. नगर में पंच प्यारों के साथ सिख समाज द्वारा नगर कीर्तन के रूप में भव्य चल समारोह 4 नवम्बर को दोपहर में निकाला जाएगा जो कि नगर में प्रमुख मार्गो से गुजरेगा.

# स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला 6 को

**शाजापुर, 3 नवंबर. शाजापुर मध्यपद्रेश शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार एक ही छत के नीचे युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिस रोजगार मेला आयोजित जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआईए जिला उद्योग केंद्र एवं मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शाजापुर द्वारा आयोजन 6 नवंबर को समय प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक स्थान राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय कालापीपल जिला शाजापुर में किया जा रहा है.**

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेले में आमंत्रित निजी क्षेत्र के संभावित नियोजको, आईपीएस ग्रुप आयशर देवास, स्वतंत्र माईकोफिन प्रालि भोपाल, यशस्वी अकेडमी फॉर स्कील देवास, एलपीएलबीएबल फाउण्डेशन इन्दौर, नवभारत फर्टिलाईजर भोपाल, न्यू जील फेशन वियर धार, आम फाउंडेशन इंडिया फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी अकादमी नई दिल्ली, भारतीय जीवन बीमा निगम शुजालपुर, एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस शाजापुर, एण्चडीएफसी लाईफ इंश्योरेंस शाजापुर, विजय एग्रो भोपाल, जेएमवीडी बिजनेस शाजापुर आदि के द्वारा सेल्स मेन, ट्रेनी, सेल्स एवं मार्केटिंग, वर्कर, हेल्पर, मशीन आपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, सहायक, हेल्पर, एक्जूक्यटिव फिल्ड ऑफिसर, बीमा सलाहकार, आदि पदों पर कम्पनियों के रिक्त पदों पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदको के साक्षात्कार लेकर प्रारंम्भिक चयन करेंगें. उक्त मेले में 8वीं, 10 वीं, 12 वीं, ग्रेजुएट एवं आईटीआई उत्तीर्ण एवं 18 से 40 वर्ष तक के आयु के आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, रिज्यूम के साथ युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले में आकर चयन के लिए साक्षात्कार दे सकते हैं. साथ ही आवेदकों को कॅरियर काउंसिलिंग के माध्यम से मनोवेज्ञानिक एंव विषय विशेषज्ञ के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा.

## देर रात नगरवासियों ने मनाई दिवाली, लगे भारत माता के जयकारे

**शाजापुर, 3 नवंबर.** 25 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद महिला क्रिकेट टीम ने विश्व क्रिकेट को अपनी ताकत दिखाई और विश्वकप जीतकर हर देशवासी का सपना पूरा किया. नगर में भी भारतीय महिला क्रिकेट टीम के विश्वविजेता बनने की खुशी में नगरवासियों ने भी आधी रात को नगर में दीपावली मनाई और जमकर आतिशबाजी की. गौरतलब है इससे पहले महिला क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर रिकार्ड जीत दर्ज की थी और फाइनल में प्रवेश किया था जहां भारतीय टीम का मुकाबला साउथ अफ्रीका से होना था. इसके लिए रविवार सुबह से ही नगर में उत्साह का वातावरण था. कोई मंदिर पहुंचकर ईश्वर से भारतीय टीम की जीत की कामना कर रहा था तो कोई टीवी के सामने बैठकर मैच शुरू होने का इंतजार कर रहा था. कई स्थानों पर टीम की जीत के लिए विशेष पूजा अर्चना भी की गई थी.

## एक नजर में — तहसीलदार के आश्वाशन के बाद हटाया जाम

# तौल करवाने को लेकर किसानों ने मंडी गेट किया जाम




**मोहन बड़ोदिया, 3 नवंबर. कृषि उपज मंडी प्रांगण में ही तौल करवाने को लेकर सोमवार दोपहर 1 बजे किसानों ने मोहन बड़ोदिया मंडी गेट जाम लगा दिया. मंडी गेट पर अपने ट्रैक्टर खड़े करके नारेबाजी करने लगे.**

किसानों ने मीडिया से चर्चा कर बताया कि मंडी प्रांगण में व्यापारियों द्वारा तौल नहीं करवाया जाता है, जबकि नीलामी मोहन बड़ोदिया मंडी प्रांगण में होती है तो तौल भी मंडी प्रांगण में ही करवाया जाए. जबकि व्यापारी किसानों की उपज का तौल उनके गोदाम पर करवाते हैं, ऐसे में किसानों को दोहरी मार पड़ती है. सूचना मिलने पर मौके पर मोहन बड़ोदिया पुलिस थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास, मोहन बड़ोदिया तहसीलदार दिव्या जैन, राजस्व अमले के साथ मंडी प्रांगण पहुंची और किसानों और व्यापारियों के साथ बैठक ली. बैठक में तहसीलदार ने व्यापारियों को निर्देशित किया कि मंडी प्रांगण में व्यापारियों के गोदाम के लिए आवंटित भूमि की रजिस्ट्री करवाकर 6 माह में मंडी प्रांगण में तौल की व्यवस्था शुरू की जाए. जिसके बाद किसानों ने तहसीलदार की बात मानते हुए व्यापारियों को 6 माह का समय दिया. तहसीलदार दिव्या जैन ने कहा 6 माह में गोदाम तैयार कर व्यापारियों को मंडी प्रांगण में तौल करवाने के निर्देश दिए हैं, ऐसा नहीं होता है तो व्यापारियों के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे.



### सर्द होने के बजाय गर्म हो रहा मौसम

**शाजापुर, 3 नवंबर.** अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से बने सिस्टम की वजह से करीब एक सप्ताह तक मौसम सर्द बना रहा और बारिश भी होती रही. इसके बाद मौसम खुला और गर्मी का एहसास होने लगा. मौसम के इस बदलते स्वरूप से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है. जबकि मौसम विभाग ने सोमवार से मौसम परिवर्तन की संभावना जताई थी जो मानसून की तरह ही गलत साबित हुई. जबकि कुछ दिनों पहले मौसम विभाग द्वारा संभावना जताई गई थी कि आगामी 3 से 6 नवंबर तक हल्की बारिश होगी और मौसम सर्द बना रहेगा. लेकिन 3 नवंबर को ही तापमान बढ़कर 30 डिग्री पहुंच गया ओर लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ा. इस दिन सुबह जरूर कुछ देर के लिए बादल छाए थे, लेकिन इसके बाद मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई.